पाठ 9. काका कलाम (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों व प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। अब्दुल कलाम के जीवन से जुड़े कई ऐसे पहलू हैं जिनसे प्रेरणा लेकर बच्चे उन्हीं की भाँति महान बन सकते हैं।

अध्यापन संकेत

यह पाठ मौखिक पठन के लिए है। बच्चों को अब्दुल कलाम का पूरा नाम बताएँ। उनके बचपन की शिक्षा, विज्ञान के प्रति उनकी रुचि, आदि के बारे में जानकारी दें। बच्चों के प्रति कलाम के लगाव की उदाहरणसहित चर्चा करें। भारत का मानचित्र दिखाकर बच्चों को बताया जा सकता है कि रामेश्वरम तमिलनाडु राज्य में स्थित है।

अब्दुल कलाम का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था। फिर भी जिस लगन और मेहनत से उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल किया, उसकी चर्चा अवश्य करें।

इस पाठ का उपयोग प्रश्न-निर्माण के लिए किया जा सकता है। इसके लिए एक बच्चा पाठ पर आधारित कोई प्रश्न बनाए। जैसे–अब्दुल कलाम को बच्चे किस नाम से पुकारते हैं? दूसरा बच्चा उसका उत्तर दे–'काका कलाम'।